# राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ

जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश-176047

('NAAC' ACCREDITED 'B' GRADE)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र : 2021-22

प्रस्तुति :

डॉ. अशोक कुमार चौधरी

प्राचार्य

# महाविद्यालय का परिचय

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ अपनी प्राकृतिक छटा लिए धौलाधार की पहाड़ियों के सामने स्थित है। चंगर क्षेत्र के समीप महाविद्यालय खुलने के परिणामस्वरूप निकटवर्ती गांवों के सैकड़ों विद्यार्थी विद्या का लाभ लेकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं। नगरोटा बगवाँ महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों की शैक्षणिक, बौद्धिक व सांस्कृतिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है। राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ को शुरू करने की घोषणा हिमाचल प्रदेश सरकार ने जून 2006 में की और जुलाई 2006 को महाविद्यालय पूर्ण रूप से अस्तित्व में आया। यह हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय में कॉमर्स, अंग्रेज़ी तथा गणित विषय में स्नातकोत्तर कक्षाएँ चल रही हैं और इस सत्र से बीबीए और बीसीए की कक्षायें शुरू हो गई हैं । वास्तव में इस महाविद्यालय ने अपने स्थापना काल से अब तक धीरे–धीरे निरन्तर विकास किया है और हमें आशा व विश्वास है कि महाविद्यालय भविष्य में भी प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहेगा।

सर्वप्रथम इस महाविद्यालय के लिए यह अति हर्ष का विषय है कि सत्र 2019–2020 में इसे NAAC बेंगलूरू के मानकों के अनुसार मूलभूत संसाधनों को सुदृढ़ कर ''बी'' ग्रेड से मान्यता प्राप्त हुई है जो कि इस महाविद्यालय के इतिहास में सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस मान्यता के अनुसार अब यह महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) से आगामी पाँच वर्षों में दो करोड़ रूपये की राशि प्राप्त करने का पात्र बन गया है, जिससे महाविद्यालय की मूलभूत अधोसंरचना तथा शिक्षा की गुणवत्ता के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी । हर्ष का विषय यह है कि इस महाविद्यालय को 2021–22 सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से स्थायी संबंधन तथा उत्कृष्ट महाविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ है। इसके लिए मैं नगरोटा बगवाँ विधान सभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री अरूण कुमार, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, कर्मचारी वर्ग तथा विद्यार्थियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई देता हूँ ।

## विद्यार्थी संख्या का विवरण

सत्र 2021–22 में इस महाविद्यालय में छात्र संख्या 3248 है, जिसमें 1123 लड़के तथा 2125 लड़कियाँ हैं । जिनमें 349 अनुसूचित जाति वर्ग, 419 अनुसूचित जनजाति, 1575 अन्य पिछड़ा वर्ग से तथा 905 सामान्य वर्ग से सम्बन्धित है। यह हर्ष का विषय है कि इस महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या छात्रों की संख्या से अधिक है ।

## महाविद्यालय प्राध्यापकों व कर्मचारियों का विवरण :–

### प्राध्यापक वर्ग

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ में प्राचार्य सहित प्राध्यापकों के 28 पद सृजित हैं । जिसमें 3 पद रिक्त है। जिनमें वनस्पति विज्ञान में एक, समाजशास्त्र में एक तथा संगीत वादन में एक पद रिक्त है ।

# गैर शिक्षक वर्ग

गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग में कार्यालय अधीक्षक सहित कुल 30 पद स्वीकृत है। जिनमें से 13 पद इस समय रिक्त हैं जिनका विवरण इस प्रकार है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाइब्रेरी अटेंडेंट | 01 पद रिक्त | रीस्टोरेर | 01 पद रिक्त |
| कनिष्ठ कार्यालय सहायक | 02 पद रिक्त | तबला वादक | 01 पद रिक्त |
| कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक | 02 पद रिक्त | प्रयोगशाला सहायक | 01 पद रिक्त |
| सफाई कर्मचारी | 02 पद रिक्त | स्टोर कीपर | 01 पद रिक्त |
| माली / सेवादार | 01 पद रिक्त | | |

सत्र 2021–22 में स्थानांतरित होकर महाविद्यालय में आए सदस्यों की सूचि :–

**प्राध्यापक वर्ग :–**

प्रो0 सपना बख्शी, राजकीय महाविद्यालय, धर्मशाला
डॉ0 वलराज सिंह, राजकीय महाविद्यालय, धर्मशाला
डॉ0 नीरज गाँधी, राजकीय महाविद्यालय, घुमारवीं
प्रो0 पूनम शर्मा, राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर
डॉ0 राजीव कुमार, राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय
डॉ0 निधि, राजकीय महाविद्यालय, मटौर तथा
प्रो0 रचना ठाकुर, राजकीय महाविद्यालय तकीपुर से स्थानांतरित होकर इस वर्ष राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में अपनी सेवाएँ देना शुरू किया ।

**गैर शिक्षक वर्ग :–**

श्री रमेश चन्द सीनियर लैबोरेटरी अटेंडेंट पदोन्नति प्राप्त कर इस सत्र में राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ में अपनी सेवाएं आरम्भ की। श्री रमेश चन्द जी हरिपुर मनाली कॉलेज से स्थानांतरित होकर आए हैं।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–

सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास के लिए अति आवश्यक है। डॉ0 नीरज गाँधी प्रवक्ता संगीत विभाग के सहयोग से महाविद्यालय में हुई गतिविधियों का ब्योरा इस प्रकार से है –

- कोरोना 2.0 के चलते महाविद्यालय रोवर्स रेंजर्स यूनिट, एन.एस.एस. यूनिट व रेड रिबन क्लब ने संयुक्त रूप से ऑन लाइन एकल नृत्य का आयोजन किया जिसमें 50 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।
- 'सवरस 20–21 दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें भाषण प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता, एकल गान, समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । रंगोली प्रतियोगिता, फलार मैनेजमैंट प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

## खेलकूद गतिविधियाँ : –

शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल गतिविधियाँ विशेष स्थान रखती है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रो0 ऋषि दिलवारिया प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा के निर्देशन में छात्र–छात्राओं ने बॉक्सिंग मुक्केबाजी, कबड्डी, फुटबाल में बेहतर प्रदर्शन किया ।

- आर्यन करयाल बी.एस.सी. तृतीय (19PH032) ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता बाकिंसग में कांस्य पदक हासिल किया है।
- अभिनव जमवाल बी.ए. तृतीय वर्ष (19PD029) ने बाक्सिंग में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता जो कि रा0 वरिष्ठ पाठशाला नगरोटा बगवाँ में हुई जिसमें स्वर्ण पदक हासिल किया ।
- अभिषेक शर्मा बी.ए. द्वितीय वर्ष (20PD005) बाक्सिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो कि ज्योरी शिमला में सम्पन्न हुई, कांस्य पदक व जिला स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया ।
- सिया राणा बी.ए. द्वितीय वर्ष (20PS028) बाक्सिंग में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक व राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया ।
- साहिल भारद्वाज बी.कॉम. तृतीय वर्ष (19CM104) ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता बाक्सिंग में रजत पदक हासिल किया।
- आकाश बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (19MA049) ने बॉक्सिंग जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक हासिल किया ।
- अंशुल सरोहा बी.ए. द्वितीय वर्ष (20PD006) ने बॉक्सिंग में खेलों इंडिया जो कि गुवाहाटी में सम्पन्न हुई, में भाग लिया ।

## गृह परीक्षा

महाविद्यालय में सत्र 2021–22 में प्रो0 राजेश शर्मा के समन्वय में आयोजित गृह परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति 95 प्रतिशत रही । जो विद्यार्थी किसी कारणवश उक्त परीक्षा नही दें पाए उन्हें पुनः एक विशेष अवसर प्रदान किया गया ताकि वार्षिक परीक्षा में बैठने की उनकी पात्रता सुनिश्चित की जा सके । समग्र मूल्यांकन हेतु मौखिकी परीक्षा एवं प्रदत्त कार्य सभी विभागों द्वारा सम्पन्न करवाए गए ।

## हिन्दी दिवस

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर डॉ0 निधि शर्मा ने तीन दिवसीय (11,12,14 सितम्बर 2021) कार्यक्रम का आयोजन करवाया जिसमें नारा लेखन, चित्रकला, सुलेख, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता एवं काव्यपाठ प्रतियोगिता करवाई गई । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अशोक चौधरी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया ।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत यूनिट (Ek Bhart Shresth Bharat)

महाविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत इकाई की नोडल अधिकारी डॉ0 शैली पारूल भडवाल एवं डॉ0 संजीव राणा हैं । इकाई की परिसर राजदूत तृतीय वर्ष की छात्रा काजल कौंडल है। गत वर्ष में इस इकाई ने निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया :–

**7 अगस्त :** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर केरल एवं हिमाचल के हस्त कला पर डॉ0 भडवाल द्वारा वार्ता ।
**20 अगस्त :** सदभावना दिवस पर प्रो0 रचना ठाकुर द्वारा आमंत्रित वार्ता ।
**27 सितम्बर :** विश्व पर्यटन दिवस पर विद्यार्थियों के लिए पी0पी0टी0 मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन ।
**26 नवम्बर :** चोल राजवंश पर प्रो0 पूनम शर्मा द्वारा आमंत्रित वार्ता ।
**25 जनवरी :** हिमाचल राज्य स्थापना दिवस पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन ।

## ''एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण''

राजकीय महाविद्यालय के अंग्रेज़ी मुख्य विषय के छात्र–छात्राओं द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया गया। जिसमें कम से कम 47 बच्चों ने भाग लिया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को दलाई लामा मन्दिर के दर्शन और उनके इतिहास के बारे में जानना, चर्च के प्राचीनतम् भवन के दर्शन एवं इतिहास जानना, धौलाधार पर्वत शृंखला के दर्शन एवं उनकी भौगोलिक सुन्दरता से रूबरू करवाना था । प्रो0 नीरज गांधी और प्रो0 मोनिका भारद्वाज के निर्देशन में यह शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया ।

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ के भूगोल विभाग के तृतीय वर्ष के मुख्य विषय के छात्र–छात्राओं को दिसम्बर 2021 में प्रो0 निकेश शर्मा ने नगरोटा बगवाँ के पाँच गाँवों पठियार, चाहड़ी, हटवास, कीर चम्बा तथा मलाँ में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण हेतु क्षेत्रीय सर्वेक्षण का कार्य करवाया ।

## अभिभावक अध्यापक संघ (पी.टी.ए.)

महाविद्यालय में बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु अभिभावक–अध्यापक संघ सराहनीय भूमिका निभा रहा है। इस संघ का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में शैक्षिक सुधार लाना तथा छात्रों के हितों की रक्षा करना है । अभिभावक–अध्यापक संघ का चुनाव, प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुआ जिसमें सर्वसम्मति ने निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया ।

| | |
|---|---|
| श्री अनमोल | प्रधान |
| श्रीमती स्वर्णा देवी | वरिष्ठ उप प्रधान |
| श्री अरविन्द कुमार | उप प्रधान |
| डॉ0 संजीव कुमार | सचिव |
| डॉ0 नीरज गांधी | सह–सचिव |
| डॉ0 राजीव कुमार | अंकेक्षक |
| श्री जितेन्द्र | कोषाध्यक्ष |

वर्तमान में महाविद्यालय सत्र 2020–2021 के अभिभावक अध्यापक संघ की कोष निधि में रू0 2,87,551 सत्र 2021–2022 में 16,65,800 रूपये की राशि संचित हुई जिसका योग 19,53,351रूपये था । इस सत्र में दिनांक 19–03–2022 तक इस कोष में 15,41,330 रूपये महाविद्यालय की विभिन्न छात्रोपयोगी आवश्यकताओं तथा भौतिक संसाधनो की पूर्ति हेतु व्यय किए गए । इस समय अभिभावक–अध्यापक संघ कोष निधि में 4,29,825 रूपये की जमा राशि शेष है। महाविद्यालय प्रशासन अभिभावक–अध्यापक संघ की सत्र 2021–2022 के प्रधान श्री अनमोल जी तथा सम्पूर्ण कार्यकारिणी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता है ।

## छात्रवृत्तियाँः

सत्र 2020–21 के दौरान सरकार के द्वारा प्रदान की गई छात्रवृत्तियों से लाभान्वित विद्यार्थियों का ब्योरा निम्नलिखित है –

| क्रम सं0 | छात्रवृत्ति योजना का नाम | विद्यार्थियों की संख्या | राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्र प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र | 20 (14F, 06M) | 80,000 |
| 2. | कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना | 06 F | 90,000 |
| 3. | आई.आर.डी.पी. छात्रवृत्ति योजना | 02 (01F, 01M) | 2,400 |
| 4. | कॉलेज और विश्वविद्यालय छात्रों के लिए केन्द्रीय क्षेत्र योजना की छात्रवृत्ति | 03 (01F, 02M) | 12,000 |
| 5. | अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए केन्द्र प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना | 02 F | 8,000 |

## महाविद्यालय पुस्तकालय :

महाविद्यालय में स्थापित पुस्तकालय में कुल पुस्तकों की संख्या 6814 है। 11 समाचार पत्र व 12 पत्रिकाएँ छात्रों के अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं ।

## 'महाविद्यालय पत्रिका ''बागवां''

'बागवां'' शीर्षक से महाविद्यालय पत्रिका का प्रकाशन हर वर्ष किया जाता है जो कि विद्यार्थियों की सृजनात्मकता एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त मंच है । हिन्दी, अंग्रज़ी, पहाड़ी, संस्कृत, विज्ञान और योजना मंच इन छः अनुभागों से सजी यह पत्रिका साहित्य और ज्ञानवर्धक सामग्री को प्रकाशित करके विद्यार्थीयों में लेखन शक्ति को बढ़ावा देती है । डॉ0 नरेश शर्मा पत्रिका के मुख्य सम्पादक हैं। प्रत्येक अनुभाग के लिए एक प्राध्यापक सम्पादक व एक विद्यार्थी संपादक नियुक्त किए गए हैं । प्राध्यापक और छात्र–सम्पादकों का विवरण इस प्रकार से है ।

मुख्य सम्पादक : डॉ0 नरेश शर्मा

| अनुभाग | प्राध्यापक सम्पादक | छात्र सम्पादक | कक्षा |
|---|---|---|---|
| अंग्रेजी | प्रो0 मोनिका भारद्वाज | शाम्भवी | बी.ए.तृतीय वर्ष |
| हिन्दी | प्रो0 निधि शर्मा | दीपिका कुमारी | बी.ए.तृतीय वर्ष |
| संस्कृत | प्रो0 स्वर्णलता शर्मा | नीतिका | बी.ए.तृतीय वर्ष |
| विज्ञान | प्रो0 संजय शर्मा | तान्या सैनी | बी.एस.सी. तृतीय वर्ष |
| वाणिज्य | डॉ0 मदन गुलेरिया | श्वेता | एम.कॉम.तृतीय सेमेस्टर |
| पहाड़ी | प्रो0 पूनम शर्मा | चाँदनी | बी.ए.तृतीय वर्ष |
| गद्याली | श्री दीप राज | काजल शर्मा | बी.ए.तृतीय वर्ष |
| योजना मंच | प्रो0 सुनीता सिर्मोरिया | सौरभ | बी.ए.तृतीय वर्ष |
| सामाजिक मंच | प्रो0 राजेश शर्मा | शानू कौंडल | बी.ए.तृतीय वर्ष |

## क्लब सोसाइटीज एवं इकाइयाँ
## इको क्लब (Eco Club)

राजकीय महाविद्यालय इको क्लब की प्रभारी प्रो0 निपुणिका राणा हैं इस क्लब के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण करवाया गया ।

- Ozone- 'The Earth Blanket' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई ।
- क्लब ने 'Reduce, Recycle, Reuse' विषय पर एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## लिंग संवेदीकरण :

- राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां ने सत्र 2021–22 में निदेशक उच्च शिक्षा के आदेशानुसार महाविद्यालय में 'जैंडर चैंपियन' सिमरन का चयन किया गया। जैंडर चैंपियन सिमरन ने नोडल अधिकारी प्रो0 पूनम शर्मा के नेतृत्व में निम्न गतिविधियों का आयोजन महाविद्यालय में किया गया ।
- महाविद्यालय में सिमरन ने अपने सहयोगियों के साथ अगस्त 2021 को जागरूकता अभियान के तहत हैल्पलाईन नं0 बच्चों को बताए, जैसे कि महिला हैल्पलाईन नं0, पुलिस हैल्पलाइन नं0, साथ ही दीवारों पर नम्बरों के पोस्टर चिपकाए गए।
- सितम्बर 2021 को महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण पर भाषण प्रतियोगिता करवायी गई। प्रतियोगिता में महिला सशक्तिकरण के कई पहलुओं पर बच्चों ने चर्चा की ।
- महाविद्यालय में लिंग संवेदीकरण पर वाद–विवद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

## रेड रिबन क्लब

महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ0 शैली पारूल भडवाल हैं । क्लब के परिसर राजदूत द्वितीय वर्ष के छात्र कु0 विशाल हैं। गत वर्ष में क्लब ने निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया ।

- 11 सितम्बर : विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस पर क्लब के छात्रों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्र।
- 1 से 4 दिसम्बर : एड्स जागरूकता सप्ताह का आयोजन । इसके अंतर्गत क्लब द्वारा नारा लेखन, निंबन्ध लेखन, पोस्टर मेकिंग और विडियो मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। डॉ0 अभिषेक ठाकुर इस अवसर पर आमंत्रिम वक्ता रहे ।

- 22 फरवरी : बेटियाँ (गैर सरकारी संगठन) के सहयोग से छात्राओं के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

- 12 जनवरी : स्वास्थ्य विभाग (कागंड़ा) द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में नोडल अधिकारी एवं परिसर राजदूत ने भाग लिया ।

## इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब

मतदान सम्बन्धी जागरूकता हेतु महाविद्यालय में 'इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब' का गठन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया गया जिसके अध्यक्ष प्राचार्य डॉ0 अशोक चौधरी, नोडल अधिकारी डॉ0 राजीव कुमार और सचिव पद के लिए बी.ए. तृतीय वर्ष की रूची को चुना गया।

## कॉमर्स सोसाइटी

कॉमर्स सोसाइटी का गठन 2 सितम्बर 2021, को कॉमर्स विभाग के विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए किया गया, जिसमे सबसे पहले इस सोसाइटी की कार्यकारिणी बनाई गई। इसकी पहली गतिविधि के रूप में एक वैविनार करवाया गया जिसमें कम्पनी सैक्रेटरी भारत सरकार के शिमला कार्यालय के प्रभारी श्री चन्दन आनन्द ने कम्पनी सचिव बनने की प्रक्रिया का वर्णन किया। दूसरी गतिविधि के रूप में 21 सितम्बर 2021 को श्री अमित वशिष्ट जो एम.एन.सी. में 42 देशों के ग्लोबल एच.आर. मुखिया रह चुके हैं, हमारे विद्यार्थियों को आज के प्रतिस्पर्धा के युग में सफल होने का मूलमन्त्र दिया। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 22 सितम्बर 2021 को श्री सुनील मेहता जी जो साई युनिवर्सिटी पालमपुर में रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत हैं, हमारे विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के टिप्स दिये ।23 सितम्बर 2021 को कॉमर्स विभाग के डा0 मदन गुलेरिया ने विद्यार्थियों को आज के समय में कौन–कौन से अच्छे अवसर हैं और उन्हें वहां तक पहुँचने के लिए कैसे तैयारी करनी है, इसका वर्णन किया। 13 नवम्बर 2021 को डॉ0 अजय लखनपाल जो सेवानिवृत्त प्राचार्य हैं और डॉ0 राज कुमार जो हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं, इन दोनों ने हमारे विद्यार्थियों को समाज में अच्छे नागरिकों के गुण बताये और भविष्य में सफल होने का मूलमन्त्र दिया ।अगली गतिविधि कॉमर्स विभाग के बच्चों ने रीसाईकिल रीयूज में बढ़चढ़ कर भाग लेकर पूर्ण की और अपनी इनोवेटिव प्रतिभा का परिचय दिया । 30 नवम्बर 2021 को पुलिस विभाग के अधिकारी श्री अशोक राना ने सड़क सुरक्षा के नियमों की चर्चा की। 1 दिसम्बर 2021 को श्री चमन लाल सोहल जो अमेरिका में जाने माने कार्डियोलोजिस्ट हैं और मूल रूप से नगरोटा बगवां से है, हमारे विद्यार्थियों व स्टाफ को अपनी सेहत ठीक रखने के टिप्स दिये । कामर्स सोसाइटी के विद्यार्थियों ने समय–समय पर स्वच्छता अभियान में भाग लिया और अपने कालेज को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया । कामर्स विभाग के प्राध्यापकों डॉ0 मदन गुलेरिया, डॉ0 मनजीत सिंह व डॉ0 राजीव कुमार ने समय–समय पर विद्यार्थियों के अनुशासन में रहकर अपने जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के मूलमन्त्र दिये ।

दिसम्बर 2021 को कामर्स सोसाइटी के सौजन्य से हृदय रोग पर कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें अमरीका के जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ डा0 चमन लाल ने कार्यशाला में हृदय रोग, रोकथाम एवं उपचार बताए ।

## भाषाई समाज

प्रो0 सपना बक्शी, डॉ0 निधि शर्मा, प्रो0 स्वर्णलता के दिशा निर्देश में विद्यार्थियों को अपना साहित्यिक कौशल एवं व्यक्तित्व निखारने का अवसर मिल रहा है । इस सत्र में विभिन्न गतिविधियाँ भाषण–प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन, काव्य–पाठ, वाद विवाद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई ।

## रोवर्स एंड रेंजर्स यूनिट (Rovers Rangers Unit)

हि0 प्र0 भारत स्काउटस एवं गाईड के अर्न्तगत राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में रोवर्स, रेंजर्स की दो यूनिट है, जिनमें 24 रोवर्स एवं 24 रेंजर्स का इस सत्र में नामांकन हुआ है। रोवर्स यूनिट के प्रभारी

डॉ0 राजीव कुमार एवं रेजंर्स यूनिट की प्रभारी प्रो0 सुनीता सिरमौरिया कटोच हैं । जिनके मार्गदर्शन में रोवर्स/रेंजर्स ने विभिन्न गतिविधियाँ की हैं । कोरोना 2.0 में महाविद्यालय के रोवर्स साहिल मित्तल ने यूनाइटेड नेशनज़ द्वारा आयोजित 'प्लास्टिक टाईड टयूनर चुनौतियाँ प्रतिस्पर्धा में हि0 प्र0 में प्रथम स्थान प्राप्त किया । विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए साहिल मित्तल को रा0 महाविद्यालय कोटशेरा में 22 फरवरी 2022, हि0 प्र0 के गवर्नर द्वारा सम्मानित किया गया । रोवर रेंजर इकाई को करोना महामारी से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया। रोवर रेंजर ने कोविड 19 के भयानक दौर में अपनी बहुमूल्य सेवाएं प्रदान की । इकाई के कुछ सदस्यों ने राधा स्वामी सत्संग परिसर में स्थापित अस्पताल में कोविड रोगियों की सेवा की । महामहिम राज्यपाल हि0प्र0 ने सम्मानित किया ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ में National Service Scheme इकाई का कार्यभार प्रो0रचना ठाकुर के पास है इस इकाई में 100 छात्र–छात्राओं की उपस्थिति पंजीकृत है । सत्र2021–22 में NSS इकाई के द्वारा महाविद्यालय में निम्नलिखित गतिविधियाँ की गईं।

- दिनांक 27/09/21 को NSS सत्र की शुरूआत की गई ।
- दिनांक 04/10/21 को गांधी जयंती मनाई गई ।
- दिनांक 11/10/21 को स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय स्वच्छता का कार्य किया गया ।
- दिनांक 25/02/22 से 3 मार्च 2022 तक NSS के सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के सौंदर्य और स्वच्छता से सम्बन्धित कार्य किए गए ।

## महिला शिकायत निवारण समिति

सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में महिला शिकायत निवारण समिति कार्यरत है जिसकी समन्वयक प्रो0 राधिका शर्मा हैं । समिति की सतर्कता से सत्र 2021–22 के दौरान कोई भी महिला शिकायत सम्बन्धी मामला संज्ञान में नहीं आया है ।

## सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है जिसके सहायक, जन सूचना अधिकारी, महाविद्यालय के अधीक्षक–II श्री गुरूदेव हैं। सत्र 2021–22 के दौरान सूचना के अधिकार के अंतर्गत छः ममाले संज्ञान में आए जो कि निपटा दिए गए हैं।

## रैगिंग विरोधी समिति

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार महाविद्यालय परिसर को पूर्णतः रैगिंग मुक्त बनाने के लिए रैगिंग विरोधी समिति गठित की गई है जिसके संयोजक प्रो0 राजेश कुमार हैं। समिति की सतर्कता से सत्र 2021–22 के दौरान कोई भी रैगिग सम्बन्धी मामला संज्ञान में नही आया है ।

## व्यावसायिक परामर्श व निर्देशन केन्द्र :

- डॉ0 नरेश शर्मा के दिशा–निर्देश में विद्यार्थियों का व्यावसायिक परामर्श दिया जाता है। इस सत्र में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया ।
- 22–23 अक्तूबर 2021 चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 200 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया ।
- 16 नवम्बर, 17 व 18 नवम्बर को बी.ए., बी.एस.सी. व बी.कॉम. तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं के लिए कैरियर एडवांसमैंट से संबन्धित व्याख्यान करवाये गये ।

## सड़क सुरक्षा क्लब

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में हिमाचल सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सड़क सुरक्षा क्लब बनाया गया, जिसमें डॉ0 राजीव कुमार को नोडल अधिकारी एवं साहिल मित्तल को मुख्य ट्रेनर बनाया गया। क्लब की मुख्य उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैं ।

1. नवम्बर माह में क्लब द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया ताकि जनसाधारण सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हों ।
2. जागरूकता फैलाने के लिए परिसर के अंदर होल्डिंग्स स्थापित किये गए ।
3. दिसम्बर माह में नगरोटा बगवां पुलिस प्रशासन से मिलकर सड़क सुरक्षा की नियमावली समझायी गयी
4. राजकीय महाविद्यालय हरिपुर गुलेर के प्राचार्य डा0 के.एस. अत्री के निर्देशन में सड़क सुरक्षा विषय के ऊपर कला एवं निबंध प्रतियोगिता की गयी ।
5. आपदा से निपटने के लिए महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन केन्द्र स्थापित किया गया। जिसका उद्देश्य किसी भी आपदा के समय प्रशिक्षित सेवकों को तुरन्त सेवा के लिए रवाना करना है ।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन :–

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा समाज, पर्यावरण तथा सतत विकास के ऊपर 16 तथा 17 मार्च को दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 अशोक चौधरी के मार्गदर्शन में किया। इस सम्मेलन का शुभारम्भ 16 मार्च को कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के उपकुलपति डॉ0 एच.एल. चौधरी ने किया । इस राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य वक्ता डॉ0 ओ0 पी0

पाण्डेय, सीनियर प्रोफेसर थापर विश्वविद्यालय तथा अतिथि वक्ताओं में डॉ0 एम0 प्रसान्थ, डॉ0 अश्लेष दावेर, डॉ0 मनोज शर्मा, डॉ0 क्रिस्टीन जयसलीन विशेष रूप से उपस्थित रहे । इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 135 प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किये । इस राष्ट्रीय सम्मेलन में इस महाविद्यालय के लगभग सभी प्राध्यापकों ने शोध पत्र प्रस्तुत किये । इस दो दिवसीय सम्मेलन के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय केन्द्र के पूर्व निदेशक डॉ0 रमेश कौंडल उपस्थित रहे ।

## वार्षिक विवरण BBA, BCA

स्थानीय विधायक श्री अरूण मेहरा व प्राचार्य महोदय सर के अथक प्रयास से राजकीय महाविद्यालय, नगरोटा बगवाँ में वित्तीय वर्ष 2021–22 में BBA एवं BCA कोर्स का आरम्भ हुआ । BBA कोर्स में कुल 45 विद्यार्थी दाखिले हुए जिनमें से 35 छात्र एवं 10 छात्राएँ हैं । BCA कोर्स में कुल 40 दाखिले हुए जिनमें से 30 छात्र व 10 छात्राएँ हैं ।

डॉ0 मदन गुलेरिया (Co-ordinator-BBA) तथा डॉ0 बलराज (Co-ordinator BCA) के परिश्रम से सत्र के आरम्भ में साप्ताहिक ओरिएनटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । जिसमें BBA व BCA के विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपर्टस ने उन क्षेत्रों का व्यावहारिक ज्ञान दिया और साथ में जीवन के उत्थान के लिए विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया । विद्यार्थियों ने समय–समय पर होने वाली विविध गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया, जिनमें मुख्य रूप से "Recycle and Reuse" पर आधारित मॉडल मेकिंग और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । BBA और BCA के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिणक अध्ययन के साथ Public Speaking एवं Personality Development पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जाता है ।

## साप्ताहिक कार्यशाला

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ द्वारा 7 से 13 जून, 2021 तक भाषा, संस्कृति और समाज पर एक सप्ताह की राज्य स्तरीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला की संयोजिका डॉ0 शैली पारूल भडवाल एवं आयोजन सचिव प्रो0 मोनिका भारद्वाज ने इस कार्यशाला का सुचारू संचालन किया

विभिन्न कॉलेजों के 85 स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला 16 आमंत्रित वार्ताओं के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अमूल्य अनुभव और ज्ञान सांझा किए । कार्यशाला के प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए ।

1. स्वर्ण लता शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय नाहन में 3 तथा 4 दिसम्बर 2021 को राष्ट्रीय सम्मेलन में '' नई शिक्षा नीति के संदर्भ में भाषा, कला और संस्कृति का संवर्धन की पृष्ठभूमि में भारतीय चिंतन दृष्टि'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

2. महाविद्यालय नगरोटा बगवां में आयोजित 7 जून से 13 जून 2021 तक ''लैंग्वेज कल्चर एंड सोसायटी'' विषय पर आधारित एक सप्ताह की ऑन लाइन कार्यशाला में '' भारतीय संस्कृति के मूलतत्व'' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए ।
3. व्यावहारिक संस्कृत शब्दकोष निर्माण परियोजना कार्य में सम्पादन व मार्गदर्शन कार्य किया गया ।

## ''अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन''

राजकीय महाविद्यालय के योग–ध्यान केन्द्र के सौजन्य से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया । मुख्य प्रवक्ता योगी सुनाभ रंगनिया ने बच्चों को योग का महत्व समझाते हुए योग आसन का अभ्यास करवाया गया जिसमें कम से कम 64 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

## सहजयोग ध्यान शिविर का आयोजन

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में ध्यानयोग केन्द्र ओर सहजयोग के समन्वयक प्रयास से ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। ध्यान केन्द्र की संचालिका प्रो0 मोनिका भारद्वाज ने बताया कि इस योग शिविर का मुख्य उद्देश्य आत्म साक्षात्कार प्रक्रिया द्वारा कुण्डलनी शक्ति को जागृत करना है । ध्यान योग के मुख्य प्रवक्ता श्री अमित कुमार राज ने शारीरिक शक्ति को अधिक ऊर्जावान बनाने के लिए 60 छात्र छात्राओं एवं प्राध्यापकों को सहजयोग का प्रशिक्षण दिया। श्री अमित कुमार राज ने बताया कि सहजयोग ध्यान से किसी भी बीमारी को बिना दवाइयों से ठीक किया जा सकता है। अपने परिवार का उदाहरण देते हुए योग गुरू ने बताया कि परिवार ने कभी दवाई का प्रयोग नहीं किया । ध्यान शिविर योग के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ0 अशोक चौधरी ने ध्यान केन्द्र की संचालिका प्रो0 मोनिका भारद्वाज एवं समस्त छात्र छात्राओं एवं प्राध्यापकों को बधाई दी ।

## महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की गतिविधयाँ

### गणित विभाग की विभिन्न गतिविधियाँ

गणित विभाग ने डॉ0 बलराज भडवाल की अध्यक्षता व डॉ0 आशीष रंजन व डॉ0 संजीव राणा के दिशा निर्देशन में 22 दिसम्बर 2021 श्री निवास रामानुजन के जन्म दिवस पर गणित दिवस मनाया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, तारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अशोक चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । लगभग 300 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया ।

### भूगोल विभाग की विभिन्न गतिविधियाँ

1. भूगोल विभाग में आपदा दिवस के दिन विभिन्न आपदाओं से सम्बन्धित पोस्टर निर्माण करवाया गया ।

2. भूगोल विभाग के तृतीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों से भारत का मानचित्र बनवाया गया ।
3. भूगोल विभाग के विभिन्न कक्षाओं में मानचित्र अध्ययन से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी करवायी गयी।
4. भूगोल विभाग में 22 मार्च 2022 को विश्व जल दिवस मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों से विभिन्न पोस्टर तथा चार्ट बनवाए ।
5. भूगोल विभाग के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने नगरोटा बगवाँ के पाँच गाँवों चाहड़ी, हटवास कीर चम्बा, मलाँ तथा पठियार का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया तथा इनके ऊपर पाँच प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की ।

**जीव वनस्पति विभाग की विभिन्न गतिविधियाँ**

जीव वनस्पति विभाग ने नवरात्र के दौरान बुलेटिन बोर्ड Wild Life of India एवं दीपावली के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जिसमें छात्र–छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

**इतिहास विभाग की विभिन्न गतिविधियाँ**

इतिहास विभाग द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पेंटिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई

**अर्थशास्त्र की विभिन्न गतिविधियाँ**

अर्थशस्त्र विभाग ने अर्थशास्त्र विषय 'केन्ज के सिद्धान्तों की आधुनिक समय में सार्थकता' पर सेमिनार का आयोजन करवाया।

**संस्कृत विभाग की विभिन्न गतिविधियाँ**

1. सह शैक्षिक गतिविधियों के अन्तर्गत महाविद्यालय में कंठस्थ श्लोक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया ।
2. गीता जयन्ती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया –
3. व्यवहारिक संस्कृत शब्दकोष निर्माण परियोजना कार्य विद्यार्थियों के द्वारा करवाया गया ।

## प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ

सत्र 2021–22 की राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के प्राध्यपाकों की उपलब्धियाँ इस प्रकार रही ।

1. डॉ0 नरेश शर्मा ( एसोसिऐट प्रो0) अंग्रेजी विभाग, को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर राजकीय महाविद्यालय चम्बा में 'एक्सीलेंट टीचर अवार्ड 2021' से सम्मानित किया गया।
   - इन्हें रोटरी क्लब धौलाधार पालमपुर द्वारा 'नेशन बिल्डर अवार्ड' से भी सम्मानित किया गया ।
   - इसी सत्र में इनके अन्तर्राष्ट्रीय जनरल ISSN युक्त में तीन शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं ।
   - इसी वर्ष डॉ0 नरेश ने विभागीय परीक्षा Distinction सहित उत्तीर्ण की।

2. भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता डा0 मुनीष कुमार ने एक सप्ताह (10 मई से 16 मई 2021) का संकाय

विकास कार्यक्रम किया एवं तीन दिवसीय अतंर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ऑन लाइन माध्यम से भाग लिया।साथ ही हिन्दी विभाग की प्रवक्ता प्रो0 निधि शर्मा व मनीष शर्मा ने फरवरी 2022 मे, 'आश्वस्त पत्रिका' में (यू0जी0सी0 केयर लिस्टेड जनरल) में सांस्कृतिक परिवेश एवं साहित्य का अंतर सबंध विषय पर शोध पत्र प्रकाशित हुआ है ।

3. प्रो0 निपुणिका राणा जीव एवं वनस्पति विभाग की प्रवक्ता ने रिफरेशर कोर्स किया ।

4. प्रो0 सुनीता सिरमौरिया अर्थशास्त्र की प्रवक्ता ने इस वर्ष एक अन्तर्राष्ट्रीय व चार राष्ट्र स्तरीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किए । साथ ही रामानुजन महाविद्यालय (दिल्ली यू0) से रिफरेशर कोर्स भी किया है ।

5 प्रो0 निकेश शर्मा का बहुविषयक पीयर रिव्यू जर्नल, खण्ड–7, अंक–4, अप्रैल–2021, ISSN संख्या

- 2581–4230 में एक शोध पत्र प्रकाशित हुआ ।
- यूडॉक्सिया रिसर्च सैंटर, भारत द्वारा आयोजित फ्री स्कोपस पेपर प्रकाशन प्रक्रिया, गुणात्मक मात्रात्मक और प्रायोगिक अनुसंधान पद्धति पर 27 मार्च से 28 अप्रैल तक एक महीने का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त किया ।
- यू.जी.सी. एच.आर.डी.सी. जोधपुर विश्वविद्यालय से जलवायु परिवर्तन तथा एनईपी–2020 पर 15 फरवरी से 20 फरवरी तक विषयगत एफ.डी.पी. का प्रशिक्षण प्राप्त किया ।
- 23/02/2022 से 25/02/2022 तक तीन दिवसीय वर्चुअल प्रोग्राम साइंस एंड टेक्नोलोजी चेनन्ई से जी. आई. एस. तथा रिमोट सेसिंग पर प्रशिक्षण लिया ।
- 5 मार्च को SGBU विश्वविद्यालय जयपुर में अतंर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- 12 मार्च और 13 मार्च 2021 को किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं की घटना पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- एच.आर.डी.सी. शिमला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जलवायु परिवर्तन पर 21/03/2022 को राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया । 14/03/2022 को आपदा प्रबंधन और तैयारी पर जोधपुर विश्वविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार में भाग लिया ।
- अन्तर्राष्ट्रीय शोध–पत्र "जनसांख्यिकीय एनालिसस ऑफ रावी वेसिन" : तुलनात्मक अध्ययन ISSN(E) 2795-7659 यूरेशियन जरनल ऑफ हिस्ट्री मार्च 2022 मे प्रकाशित हुआ ।

6. डॉ0 आशीष राणा गणित विभाग के प्रवक्ता ने 'जलवायु परिवर्तन और नई शिक्षा नीति 2020 एफ डी प्रोग्राम जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर से ऑनलाइन भाग लिया ।

7. प्रो0 पूनम शर्मा इतिहास प्रवक्ता ने एक अन्तर्राष्ट्रीय व तीन राष्ट्रीय कार्यशालाओं में शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं। इसी वर्ष इन्होंने विभागीय परीक्षा भी उत्तीर्ण की है व रिफरेशर कोर्स भी किया है ।
प्रो0 पूनम शर्मा ने किताब का एक अध्याय जिसका शीर्षक भारतीय अर्थव्यवस्था विकास एवं चुनौतियों में एक अध्याय भी प्रकाशित हुआ है ।

8. अंग्रेज़ी विभाग की प्रवक्ता डॉ0 शैली पारूल ने दो अंतर्राष्ट्रीय एवं दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किये । इस के अतिरिक्त डॉ0 शैली पारूल का एक शोध पत्र जर्नल ऑफ इंडियन हिस्ट्री एंड कल्चर में प्रकाशित हुआ है ।

9. डॉ0 संजीव राणा गणित विभाग के प्रवक्ता ने ' जलवायु परिवर्तन और नई शिक्षा नीति 2020' एफ. डी. पी. प्रोग्राम जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर से ऑनलाइन भाग लिया ।

10 डॉ0 राजीव कुमार ने दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन महाविद्यालय से एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम जनवरी 2022 में सम्पूर्ण किया। हिमाचल प्रदेश भारत स्काउट एन्ड गाइड के सौजन्य से डॉ0 राजीव कुमार एक दिवसीय विगनर कोर्स सम्पूर्ण किया । जिसमें रोवर रेंजर इकाई को सुदृढ़ बनाने का प्रशिक्षण लिया गया।

11. डा0 निधि शर्मा ने दो सप्ताह का (17 मई से 31 मई 2021 तक) पुनश्चर्चा पाठयक्रम ऑनलाइन के माध्यम से किया । साथ ही 'अतिशय कलित' पत्रिका में 'गुलेरी की कहानियों में हिमाचली लोक रंग लिए हुऐ भाषा एवं आँचलिकता' विषय पर शोध पत्र स्वीकृत हुआ है ।

12. प्रो0 रचना ठाकुर ने राष्ट्रीय कार्यशाला में दिनांक 27–28 दिसम्बर को Conservation and Sustainable use of Biodiversity के सम्बन्ध में शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

## महविद्यालय में किए गए विकासात्मक कार्य

उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ को एक करोड़ रूपये स्वीकृत हुये हैं जिसका प्रयोग विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए किया गया है। इन में से लगभग 22 लाख रूपये मंच उन्नयन व रंगाई पुताई के लिए लोक निर्माण विभाग में जमा करवा दिया गया है। साथ ही हिम सौर ऊर्जा विभाग से बिजली की बाधा रहित आपूर्ति के लिए 25 के0.वी0 सौर ऊर्जा सयंत्र स्थापित करने के लिए भी लगभग 12 लाख की धनराशि जमा करवा दी गई है। बास्केटबाल मैदान व बॉलीबाल मैदान के लिए लगभग 16 लाख की धनराशि जमा करवा दी गई है । महाविद्यालय स्तर पर परिसर के सौन्दर्यकरण हेतु लगभग 150 पौधे लगाए गए हैं। शिक्षण संसाधन केन्द्र तथा ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र स्थापित करने एवं अनुसंधान कार्य एवं कार्यालय उपयोग के लिए लैपटॉप खरीदने के लिए भी धनराशि जमा करवा दी गई है।

## भविष्योन्मुखी योजनाएँ

1. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए भविष्य में एक नई इमारत को बनाया जाएगा ।
2. महाविद्यालय में एक सभागार बनाया जाएगा ।
3. जल्द ही महाविद्यालय में NCC की बटालियन का गठन किया जाएगा।

अतं में, मैं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, गैर–शिक्षक कर्मचारियों, छात्रों, अभिभावकों, समस्त प्रशासन, विभिन्न विभागों, पत्रकार बंधुओं, सभी सामाजिक संगठनों और उन सभी विशिष्ट व्यक्तियों को, धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने समय–समय पर अपना सहयोग दिया ।

मैं सभी विद्यार्थियों, CSCA और समस्त स्टॉफ की तरफ से मुख्यातिथि का विशेष रूप से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से अपना बहुमूल्य समय निकाला और सभी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया व उत्साहित किया। आप के सहयोग, सक्रियता व मार्गदर्शन से महाविद्यालय ने अनेकों उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं व ऊँचाई की बुलंदियों को छुआ है ।

मै सभी पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ और उनके समृद्ध भविष्य की कामना करता हूँ ।

**डॉ0 अशोक चौधरी**
**प्राचार्य**